# सिटी फॉरेस्ट के रखरखाव को मिली राशि

## मंगलगिरी पहाड़ी पर परियोजना के लिए 137 लाख रुपये की राशि स्वीकृत, पर्यटन की दृष्टि से हरित क्षेत्र उपलब्ध होगा

नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. विधानसभा में विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा सागर नगर स्थित मंगलगिरी पहाड़ी क्षेत्र के विकास एवं रख-रखाव को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में राज्य सरकार ने जानकारी प्रस्तुत की है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से दिए गए लिखित उत्तर में बताया गया कि नगर की मंगलगिरी पहाड़ी स्थित वन विभाग की भूमि को सिटी फॉरेस्ट-02 के रूप में विकसित किए जाने की शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है. इस परियोजना हेतु कुल 137 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है तथा स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं. उत्तर में बताया गया कि वनमंडल दक्षिण सागर अंतर्गत पूर्व में वर्ष 2017-18 में गोवर्धन मंदिर पहाड़ी क्षेत्र में सिटी फॉरेस्ट-01 विकसित किया गया था, जिसकी रख-रखाव अवधि पाँच वर्ष (2021-22 तक) निर्धारित थी. शासन ने स्पष्ट किया कि उक्त क्षेत्र में अधिकांश पेड़-पौधे एवं वनस्पति वर्तमान में सुरक्षित एवं जीवित हैं. सरकार ने जानकारी दी कि सिटी फॉरेस्ट-02 (मंगलगिरी) परियोजना वर्ष 2022-23 से 2026-27 की अवधि के लिए स्वीकृत है, जिसमें विकास कार्यों के साथ-साथ रख-रखाव भी शामिल किया गया है. योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि वर्ष 2025-26 के कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं. वर्ष 2026-27 का स्वीकृति अनुसार रख-रखाव कार्य जारी रखा जाएगा. मंगलगिरी पहाड़ी क्षेत्र को व्यवस्थित सिटी फॉरेस्ट के रूप में विकसित करने तथा दीर्घकालीन संरक्षण सुनिश्चित किए जाने की स्थिति स्पष्ट हुई है, जिससे शहरवासियों को पर्यावरणीय एवं पर्यटन की दृष्टि से बेहतर हरित क्षेत्र उपलब्ध होने की उम्मीद है.

### उद्योगों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी

**सागर.** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक शैलेन्द्र जैन द्वारा सागर जिले में उद्योगों की स्थापना एवं निवेश प्रस्तावों (इंटेंशन टू इन्वेस्ट) की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया गया. विधायक श्री जैन ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग से वर्ष 2024 में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के अंतर्गत हुए निवेश समझौतों की वर्तमान स्थिति की जानकारी मांगी थी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से अधिकृत औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री चेतन्य कश्यप ने लिखित उत्तर में बताया कि पैरामाउंट केबल निर्माण यूनिट द्वारा लगभग 250 करोड़ रुपए की लागत से उद्योग स्थापना प्रस्तावित है, जिससे 375 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा. मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा अपनी वर्तमान औद्योगिक इकाई के विस्तार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है. उद्योग एवं व्यापार कल्याण संघ द्वारा आईआईडी बीना में विभिन्न उत्पादों के निर्माण हेतु लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक इकाइयों के लिए भूखंड बुक किए गए हैं, जिनसे लगभग 500 लोगों को रोजगार प्रस्तावित है. वीपी ब्रांडबैंड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगभग 1700 करोड़ रुपए की लागत से डाटा प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जा रही है, जिसमें 850 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है. विधानसभा में उठाए गए इस प्रश्न के माध्यम से सागर जिले में औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन एवं औद्योगिक अधोसंरचना विकास की दिशा में हो रही वास्तविक प्रगति की स्थिति स्पष्ट हुई है. इन निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन से सागर जिला औद्योगिक विकास के नए केंद्र के रूप में उभरने की ओर अग्रसर माना जा रहा है.

### नरवाई जलाने पर प्रतिबंध

**सागर.** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संदीप जी. आर. द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले की सीमा में गेहूं एवं अन्य फसलों की नरवाई (डंठलों) में आग लगाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है. उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में गेहूं की कटाई अधिकांशतः कम्बाईन्ड हार्वेस्टर से की जा रही है, जिसके उपरांत नरवाई जलाने की घटनाओं में तेजी आई है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा इन घटनाओं की सैटेलाइट मैपिंग की जा रही है तथा राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन नीति 2014 के अंतर्गत जिला स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया है. आदेश में उल्लेखित है कि कटाई उपरांत बचे हुए फसल अवशेषों से भूसा तैयार करने के स्थान पर उन्हें जला दिया जाता है, जबकि भूसा पशु आहार एवं अन्य औद्योगिक उपयोग में काम आता है और 8 से 10 रुपये प्रति किलोग्राम तक विक्रय किया जा सकता है.

# कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं बल्कि समाज संस्कृति को दिशा देने वाला माध्यम

नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी एवं ललित कला विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर तथा विषय विशेषज्ञ डॉ. हीरालाल प्रजापति एवं डॉ. आनंद जायसवाल द्वारा किया.**

कुलपति ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज एवं संस्कृति को दिशा देने वाली सशक्त शक्ति है. विभागाध्यक्ष प्रो. बलवंत सिंह भदोरिया द्वारा विषय विशेषज्ञों का परिचय प्रस्तुत किया गया और उनके शैक्षणिक योगदान पर प्रकाश डाला गया. संयोजिका डॉ. सुप्रभा दास ने बताया कि वर्तमान समय में रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का समन्वय अत्यंत आवश्यक है. रूपरेखा सह-संयोजक आकाश मालवीय द्वारा प्रस्तुत की गई. संचालन डॉ. महेंद्र आर्य द्वारा किया गया.



डॉ. हीरालाल प्रजापति ने बताया कि किस प्रकार उपयुक्त फॉन्ट चयन, स्पेसिंग, अलाइनमेंट और विजुअल हायरार्की के माध्यम से विज्ञापन को अधिक आकर्षक एवं प्रभावी बनाया जा सकता है.डॉ. आनंद जायसवाल ने विज्ञापन फोटोग्राफी की सूक्ष्म बारीकियों, प्रकाश संयोजन, फ्रेमिंग तथा डिजिटल संपादन की तकनीकों को विस्तार से समझाया. व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं के साथ चकराघाट पर एक फोटोवॉक भी आयोजित किया गया, जहाँ विद्यार्थियों ने सीखी गई तकनीकों का प्रत्यक्ष अभ्यास किया. समापन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. ललित मोहन एवं डॉ. डी.एस. राजपूत उपस्थित रहे. मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कार्यशाला की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया. कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. यह कार्यशाला विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणास्पद सिद्ध हुई.

# मारपीट में चार छात्र घायल

नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में हमलावरों ने कथित तौर पर प्लास्टिक पाइप और डंडों से मारपीट की, जिससे चार छात्र घायल हो गए.**

घटना के बाद घायलों ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, केरल के आलूवा निवासी हरि अय्यप्पन जो वर्तमान में विवि के विवेकानंद हॉस्टल में रहकर बीए तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं, अपने साथियों बिट्टू महतो, नारायण शुक्ला, सुखचंद यादव और अंकित शाह के साथ एक प्रोफेसर से मुलाकात करने के बाद सुरक्षा अधिकारी से मिलने जा रहे थे. इस दौरान हरि अय्यप्पन, नारायण शुक्ला और सुखचंद यादव समेत चार छात्रों को चोटें आई.

पुलिस ने शिकायत के आधार पर कपिल स्वामी, अविनाश गुप्ता सहित 8 से 9 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, अधिकारियों का कहना है कि घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है.

# उपयंत्री सरपंचों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 25 फरवरी. जनपद पंचायत शाहगढ़ एक बार फिर विवादों के केंद्र में है. यहां लंबे समय से पदस्थ उपयंत्री विजय मिश्रा पर कई सरपंचों ने गंभीर आरोप लगाए हैं.**

सरपंचों का दावा है कि निर्माण कार्यों की स्वीकृति और भुगतान प्रक्रिया में तय प्रतिशत के रूप में कमीशन लिया जा रहा है. हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले की सत्यता प्रशासनिक जांच के बाद ही स्पष्ट होगी. नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर एक सरपंच ने बताया कि सीसी रोड के कार्यों को तकनीकी स्वीकृति देने और फाइल आगे बढ़ाने के एवज में कुल स्वीकृत राशि का लगभग 5 प्रतिशत तक कमीशन मांगा जाता है. वहीं भवन निर्माण कार्यों में यह प्रतिशत 7 तक बताया गया है. कुछ अन्य पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि अन्य क्षेत्रों में यह प्रतिशत 4 तक सीमित रहता है. सरपंचों का आरोप है कि यह अनौपचारिक व्यवस्था लंबे समय से चल रही है. सरपंचों का कहना है कि यदि कोई प्रतिनिधि कथित कमीशन देने से इनकार करता है तो उसकी फाइलों में तकनीकी आपत्तियां लगाकर प्रक्रिया को लंबित कर दिया जाता है. एक सरपंच ने बताया कि यदि समय पर प्रतिशत दे दिया जाए तो फाइलें जल्दी पास हो जाती हैं, अन्यथा छोटी-छोटी कमियां निकालकर महीनों तक रोका जाता है, इस स्थिति में विकास कार्य प्रभावित होते हैं और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पाता. कई सरपंचों ने आरोप लगाया कि चल रहे निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण नहीं किया जाता, कार्यस्थल पर उपस्थिति कम रहती है. इस मामले में संबंधित उपयंत्री आरोपों को सिरे से नकार दिया है.

### होली उत्सव होगा

**सागर.** होली उत्सव का आयोजन बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच के तत्वाधान में चकराघाट परिसर में महाकवि पद्माकर को अबीर गुलाल लगाकर प्रारंभ किया जाएगा. संयोजक अमित मणीकांत चौबे ने बताया कि यह 58 वां आयोजन है, जिसमें समस्त साहित्यकार मिलकर सर्वप्रथम महाकवि पद्माकर को रंग गुलाल लगाकर तथा काव्य पाठ कर अपनी-अपनी होली की शुरुआत करते हैं. जिला अध्यक्ष डॉ सीताराम श्रीवास्तव ने बताया कि बेलिहाज के निधन के बाद से साहित्यिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का प्रयास पुत्र द्वारा और संस्था के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है.

# ओलंपियाड परीक्षा में पीयूष तीसरे स्थान पर रहा



नवभारत न्यूज

**रहली 25 फरवरी. दिल्ली में आयोजित अवॉर्ड समारोह में क्राइस्ट कॉन्वेंट स्कूल का छात्र सम्मानित हुआ.**

कक्षा 11वी के छात्र पीयूष दुबे को 30 देशों के बीच हुई ओलंपियाड परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता और नीति आयोग के सदस्य डॉ विजय कुमार ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया है. इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने छात्र और परिजनों को बधाई दी है.

# निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. ग्राम सूरजपुरा एवं वकस्वाहा में जिपं अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने डेढ़ करोड की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया.**



श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा का प्रत्येक ग्राम पक्की सड़कों से जोडा जा रहा है वहीं दूसरी तरफ मंत्री गोविंद राजपूत द्वारा करोड़ो अरबों रूपयें की राषि खेतों की सिंचाई सुविधा हेतु उपलब्ध करायी जा रही है. इस अवसर पर श्री राजपूत द्वारा ग्राम सूरजपुरा पहुंचकर 15 लाख से स्वीकृत मंगलभवन का भूमिपूजन सहित, सीमेंट कंकरीड मार्ग, शांतिधाम, सामुदायिक भवन, तालाबा घाट निर्माण हेतु 40 लाख के निर्माण कार्यों एवं बक्स्वाहा में 25 लाख की लागत का मंगल भवन का भूमिपूजन, 35 लाख की लागत से स्वीकृत सीमेण्ट ककरीड मार्ग, सामुदायिक केन्द्र, बालाजी सरकार के मंदिर के समीप अतिरिक्त कार्य के विकास कार्यों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है.

# लैब टेक्नीशियनों के पक्ष में फैसला

नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. बीएमसी में पदस्थ 28 लैब टेक्नीशियनों की वर्ष 2010 में भर्ती प्रक्रिया की गई थी जिसे तीन साल बाद अनियमितता का हवाला देकर सेवाओं से पृथक किया गया.**


### डेढ़ दशक पूर्व नियुक्त कर्मियों को हटाया गया

समस्त लैब टेक्नीशियन हाई कोर्ट की शरण में गए जिन्होंने भर्ती प्रक्रिया को सही मानते हुए समस्त कर्मचारियों को पूर्ण वेतन और समस्त परिणामी लाभ प्रदान कर सेवा में पुनः रखने का आदेश दिया. मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा जबलपुर हाईकोर्ट की द्वितीय बेंच में इस फैसले को चैलेंज किया जिसकी सुनवाई करते हुए जबलपुर हाई कोर्ट की डबल बेंच ने लैब टेक्नीशियन के हितों को ध्यान रखते हुए उनके पक्ष में फैसला सुनाया. सुप्रीम कोर्ट में लैब टेक्नीशियन के पक्ष में अधिवक्ता समृद्धि जैन ने केस के प्रथम दिवस ही विपक्ष के वकीलों से बहस करते हुए समस्त लैब टेक्नीशियनों को उन्हें अधिकारों की जीत दिलवाई. मेडिकल कॉलेज में पदस्थ समस्त लैब टेक्नीशियन ने इस जीत का श्रेय एड. समृद्धि जैन को दिया है.

# 64 रिद्धि विधान का आयोजन होगा

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 25 फरवरी. धर्म नगरी गौरझामर के बड़े जैन मंदिर में चैतन्य चमत्कारी अतिशय कारी बड़े बाबा श्री पार्श्वनाथ भगवान के दरवार में साल में तीन बार आने वाले पवित्र अष्टानिक महा पर्व में 3 मार्च तक होने वाले श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान चल रहा है.**



विधान करते हुए इंद्रों ने सोलह कारण भावना से सहित सिद्ध भगवान के अर्घ चढ़ाये. कुबेर इंद्र बनकर विधान कर रहे बड़े बाबा के मंदिर में विधान करने का आनंद अद्वितीय है. चक्रवर्ती संजय चौधरी ने बताया कि 26 फरवरी गुरुवार को सुबह विधान के तहत 64 ऋद्धि सहित श्री सिद्ध भगवान के चरणों में 64 अर्ध समर्पित होगे सभी समाज जन इस महान अवसर का पुण्य लाभ अवश्य ले. विद्यासागर सेवादल के सभी नवयुवक भाइयो द्वारा विधान की पूर्ण व्यवस्था की जा रही है. रात्रि में सचिन बज़ाज़ और उनकी संगीत पार्टी द्वारा आरती हो रही है.

# तेंदूपत्ता की गुणवत्ता में सुधार के लिए संग्रहणकर्ता ध्यान दें



नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. वनमंडल दक्षिण सागर, सिंरोजा काष्ठागार में शाखकर्तन कार्य की बैठक का अयोजन किया.**

उपवनमंडल अधिकारी, दक्षिण सागर विनीता जाटव द्वारा शाखकर्तन कार्य की विधि का स्थल में जाकर प्रदर्शन किया. वनमंडल अधिकारी द्वारा सभी को अवगत कराया गया कि शाखकर्तन कार्य संग्रहण सीजन का प्रथम चरण है, इससे अच्छे तेंदूपत्ता संग्रहण में मदद मिलती है जिससे तेंदूपत्ता संग्राहकों को अधिक लाभ प्राप्त होगा. तेंदूपत्ता की गुणवत्ता में सुधार हेतु संग्रहणकाल के प्रथम चरण-शाखकर्तन पर विशेष ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है. अच्छी गुणवत्ता के तेंदूपत्ता उत्पादन में शाखकर्तन के कार्य की महत्ता को स्वीकार करते हुये शासन ने इस कार्य को लिया है.


### जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज

**सागर.** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 26 फरवरी को किया जाएगा. कार्यक्रम प्रातः 09.30 बजे से नोडल सेंटर संस्था इन्फिनिटी मैनेजमेंट एण्ड इंजीनियरिंग कॉलेज, पथरिया जाट में प्रारंभ होगा. उल्लेखनीय है कि प्रतिभागियों ने माय भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराया था, जिसके आधार पर चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है. चयनित युवा प्रतिभागी आपातकाल के 50 वर्ष रुपए भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर भाषण प्रस्तुत करेंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है.

# महीनों से बंद पड़ी हैं घंटाघर की घड़ियां

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 25 फरवरी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक घंटाघर की घड़ियां महीनों से बंद पड़ी हैं.**



बु. वि. सेना के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा ने मांग करते हुए कहा है कि पहले के जमाने में घंटाघर के घंटे की आवाज सुनकर सुदूर के लोगों को समय का पता चल जाता था. परंतु घंटाघर का यह घंटा सालों पहले मौन हो चुका है. अब रही सही कसर महीनों से घड़ियां खराब होने से पूरी हो चुकी है, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है. उन्होंने कहा कि घंटाघर स्वतंत्रता प्रेमियों के संयुक्त प्रयास से निर्मित देशभक्तों की कीर्ति का प्रेरणादायी स्मारक है. इस ऐतिहासिक इमारत में स्थापित शान्तिमूर्ति महात्मा गांधी जी तथा क्रान्तिमूर्ति अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की दुर्लभ युगल मूर्ति हमें राष्ट्रप्रेम के लिए सदा प्रेरणा देती रहती है. घंटाघर की दीवार पर महान समाजवादी विचारक डॉ राममनोहर लोहिया के विचार महात्मा गांधी के प्रति शिलापट्ट पर अंकित है.सूत्रों ने बताया जाता है कि घंटाघर की गाड़ियों की जो मेंटेनेंस का काम करते हैं उनको पिछले 8 माह से वेतन नहीं मिला है इस कारण से वह काम नहीं कर रहे है. उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि अविलंब घंटाघर की घड़ियों तथा बजने वाले घंटे की मरम्मत कराने की मांग की है.

### डीआईजी से शिकायत

**ललितपुर.** नझाई बाजार निवासी एक युवक ने झांसी मंडल के डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश की जा रही है. युवक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. पीड़ित विशाल लक्ष्यकार ने बताया कि टीकमगढ़ स्थित शादी गार्डन में आयोजित एक सगाई समारोह में कुछ लोगों द्वारा अवैध हथियारों से हर्ष फायरिंग की गई थी. युवक का कहना है कि उसने जनहित में उक्त घटना का वीडियो पुलिस को कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया था. कार्रवाई करने के बजाय संबंधितों ने मामला रफा-दफा कर दिया था.



# जैन मिलन की मासिक बैठक

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 25 फरवरी. भारतीय जैन मिलन बहुमंडल शाखा तालबेहट की मासिक बैठक संयुक्त मंत्री सौम्या सरल जैन के आवास पर आयोजित हुई.**

मुख्य संयोजक नीतू जैन ने कहा ललितपुर में भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अधिवेशन में शाखा को द्वितीय स्थान प्राप्त होना गर्व की बात है. महामंत्री शिखा मोदी ने कहा कि इस वर्ष प्रथम पायदान पर पहुँचने के लिए कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करें. बैठक की अध्यक्षता करते हुए अलका पवैया ने कहा कि सभी सदस्यों को जिम्मेदारी समझना होगी. उपाध्यक्ष स्वाति भंडारी ने कहा तीर्थ क्षेत्र सेरौन एवं देवगढ़ में पंचकल्याणक महामहोत्सव का कार्यक्रम है. जिसमें प्रतिभाग करने की रुपरेखा तय की गयी. संगठन मंत्री सोनम जैन ने शाखा का विस्तार करते हुए सदस्यों की संख्या बढ़ाने का विचार रखा. इस दौरान संरक्षक अंजू जैन, संयोजक प्रिया जैन, आकांक्षा जैन, प्रियंका जैन, सारिका जैन मौजूद थीं.

# आजीवन सहयोग निधि को मिला समर्थन

नवभारत न्यूज

**खुरई 25 फरवरी. युवा नेता अविराज सिंह के नेतृत्व में नगर में व्यापक जनसंपर्क कर दानदाताओं एवं सहयोगियों से सहयोग राशि एकत्रित की गई. उनके प्रयासों से खुरई नगर में लगभग 1.50 लाख रुपये के चेक एकत्र किए गए.**



सहयोग निधि संग्रह के दौरान खुरई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष रविंद्र सिंह राजपूत, काशीराम अहिरवार, राम शास्त्री, ऋषभ राय, यश ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, कपिल रैकवार, सुनील राज, आलोक कुशवाहा एवं अंकित यादव उपस्थित रहे.

इस अवसर पर प्रमुख दानदाताओं ने सहयोग प्रदान किया उनमें विजय जैन, विकास समैया, सतीश सराफ, पलाश बड़कुल, कृष्ण मोहन माहेश्वरी, प्रमोद नायक, सरदार कुलवंतसिंह, बॉबी चावला, सौरभ नेमा, संजीव जैन एवं शशांक मोदी शामिल हैं. युवा नेता अविराज सिंह ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता एवं समर्थक की भूमिका महत्वपूर्ण है.

# पोल से लटका मिला शव

नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. मोतीनगर थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मंडी के समीप एक 22 वर्षीय युवक का शव विज्ञापन पोल से लटका मिला.**

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही परिजन शव को नीचे उतार चुके थे. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, जबकि मृतक के परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए चार लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस के अनुसार रात कृषि उपज मंडी के पास लगे एक ऊंचे पोल पर युवक के लटके होने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची टीम ने मृतक की पहचान हीरालाल अहिरवार निवासी सागर के रूप में की. मृतक के भाई संतोष अहिरवार का कहना है कि घटना से पहले हीरालाल का अली, शुभम, गोलू और विक्की नामक युवकों से चौराहे पर विवाद हुआ था. कथित रूप से उसके साथ मारपीट भी की गई थी. संतोष के अनुसार घर लौटने के बाद हीरालाल ने उनके मोबाइल से सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल किया था. थाना प्रभारी जसवंत सिंह राजपूत के मुताबिक शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या की ओर संकेत करता है. उनके अनुसार युवक का कुछ लोगों से विवाद हुआ था. विवाद के बाद वह घर गया और रस्सी लेकर लौटा.

# इंजीनियरिंग कॉलेज में सीपीआर का प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 25 फरवरी. शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों और स्टाफ को आपातकालीन स्थिति में जीवन बचाने की तकनीक सिखाई.**




आईएमए और आईएसए सिटी ब्रांच के आयोजन में कॉलेज परिसर में आयोजित सीपीआर प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों ने इस जीवन रक्षक कौशल को सीखा. मुख्य प्रशिक्षक डॉ. अजय सिंह ने समझाया कि हृदय गति रुकने या सांस बंद होने की स्थिति में तुरंत सीपीआर शुरू करने से मस्तिष्क तक ऑक्सीजन पहुंचती रहती है. आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि सही समय पर दिया गया सीपीआर व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना को दोगुना या तिगुना तक बढ़ा सकता है, क्योंकि यह रक्त संचार को बनाए रखता है. प्रशिक्षक डॉ. अजमल खान ने कहा कि ऐसी ट्रेनिंग न केवल छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनाती है, बल्कि त्वरित आपात सहायता की संस्कृति को मजबूत करती है. प्राचार्य डॉ अनुराग त्रिवेदी ने बताया कि युवाओं को सशक्त बनाने के साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं. कार्यक्रम में गोविंद राय, डॉ. रजत जैन, डॉ. आनंद कुमार, रामजी कुर्मी, तरुण ठाकुर मौजूद थे.